वर्ष 28 अंक 274
पृष्ठ 22
बरेली, गुरुवार
15 जून 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO. 5 : MIDDLE

# रक्तदाता दिवस पर किया महादान

**बरेली** : विश्व रक्तदान दिवस पर भोजीपुरा स्थित श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में रक्तदान सप्ताह का आयोजन किया गया। 17 जून तक चलने वाले इस शिविर में संस्थान के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने स्वेच्छा से रक्त दान किया। कार्यक्रम के पहले दिन 25 लोगों ने रक्तदान किया। संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसके हांडा ने बताया की एक व्यक्ति के रक्तदान से चार जीवन को बचाया जा सकता है। रक्त दान करने से हमारे शरीर में शुद्ध रक्त की मात्रा बढती है। रक्त कोष विभाग की इंचार्ज डा. मिलन ने लोगों को रक्तदान करने के लिए बधाई दी। संचालन सुनील चंद्रा ने किया। कार्यक्रम में अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचओ अग्रवाल, उमेश सक्सेना, विनीत वर्मा, डा. आइए खान आदि मौजूद रहे। उधर, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की ओर से आइएमए भवन पर 14 पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। शिविर का नेतृत्व कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी ने किया। इस दौरान महासभा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।